विश्वव्यापी लिफाफा
(Universal Envelope)

विश्वव्यापी लिफाफे का विचार

- लिफाफे के दो प्रकार हैं– आई.पी (IP): इंटेंसिव फेज और सी.पी (CP): कॉन्टिनुएशन फेज। ल्यूपिन और मैकलेड दोंनो के लिए I
- प्रत्येक मरीज को समान तरह के पत्ते दिए जाते हैं, चाहे वो किसी भी वजन बैंड के क्यों न हों।
- फार्मासिस्ट (ART) या ट्रीटमेंट सपोर्टर (RNTCP) को लिफाफे के ऊपर मरीज के द्वारा प्रतिदिन ली जाने वाली गोलियों की संख्या लिखना आवश्यक है।
- प्रतिदिन मरीज को लिफाफे से, तीर के अनुसार निर्धारित गोलियों की संख्या लेनी है, और उन्हें लिफ़ाफ़े में १, २ या ३ की संख्या में छिपे हुए ११ अंकों के टोल फ्री नंबर दिखेंगे।
- मरीज को उस दिन लिफाफे में से निकले हुए, नंबरों में से किसी भी एक टोल फ्री नंबर पर कॉल करना है।
- मरीज को सबसे ऊपर वाली पंक्ति के स्टार्ट / शुरू चिन्ह, 1 से दवाई लेना शुरू करना है, और तीर के निशान के अनुसार ही (1,2,3...28), तक प्रत्येक कतार को पूरा करते हुए आगे बढ़ना है।





विश्वव्यापी लिफाफा– सभी वजन बैंडों के लिए एक लिफाफे की बनावट





फायदे:

- सिर्फ दो प्रकार के लिफाफे हैं (1 आई.पी (IP) के लिए और 1 सी.पी (CP) के लिए)।
- सभी वजन बैंडों के लिए एक ही लिफाफा है। (केवल वयस्कों के लिए)।
- वजन बैंडों के हिसाब से किसी भी आकलन की आवश्यकता नहीं होती।
- जिले / ART के पास हमेशा IP के पत्तों की संख्या = IP के लिफाफों की संख्या + कुछ अतिरिक्त लिफाफे, और CP के पत्तों की संख्या = CP के लिफाफों की संख्या + कुछ अतिरिक्त लिफाफे होने चाहिए।
- लिफाफे के भण्डारण में बहुत कम जगह की आवश्यकता।
- मरीज के लिए ऊपर से नीचे तीर के निशान को समझते हुए दवाई लेने में सुविधा।
- अब किसी खास वजन बैंड के मरीज के लिए लिफाफे का स्टॉक आउट नहीं हो सकता।
- फार्मासिस्ट का परत्येक मरीज के लिए परामर्श और दवाई वितरण करने

विश्वव्यापी लिफाफे की वितरण प्रक्रिया



फार्मासिस्ट (ART) ट्रीटमेंट सपोर्टर (RNTCP) पर्चे में मरीज के द्वारा प्रतिदिन ली जाने वाली गोलियों की संख्या लिखते हैं।

मरीज उस दिन लिफाफे से प्रकट हुए किसी भी एक नंबर पर कॉल कर सकता है।

परामर्श देते समय दवाई की गिनती का क्रम, 5 गोली प्रतिदिन के लिए उदाहरण:

- प्रथम दिन, # 1, 2, 3, 4, 5
- दूसरा दिन, # 6, 7, 8, 9, 10

कॉल चिन्ह, यह दर्शाता है की, आपको फ़ोन नंबर कहाँ मिलेगा। मरीज को अपनी खुराक के लिए भ्रमित नहीं होना है। उन्हें हमेशा खुराक परामर्शकर्ता के निर्देश के अनुसार ही लेना है और उस दिन लिफाफे में निकले टोल फ्री नंबर पर कॉल करना है।

संक्षेप में

1800 313 XXXX

परिशिष्ट: वो सामान्य प्रश्न / शंका जो सलाहकार एवं मरीज को सर्व-जन लिफाफे के बारे में हो सकते हैं।

प्रश्न 1. ये लिफाफे किस वजन बैंड के लिए हैं?
उत्तर: विश्वव्यापी लिफाफे सभी वजन बैंड के लिए हैं (2, 3, 4, or 5)। आयताकार बक्से में मरीज द्वारा प्रतिदिन ली जाने वाली दवाईओं की संख्या हाथ से लिखें।

प्रश्न2. क्या हम इन लिफाफों को पेडियेट्रिक ऍफ़. डी. सी. मरीजों के लिए भी प्रयोग कर सकते हैं?
उत्तर: नहीं, इन लिफाफों को केवल ऍफ़.डी.सी, ए.टी.टी वयस्क मरीजों के लिए ही उपयोग कर सकते हैं।

प्रश्न3. क्या यूनिवर्सल लिफाफे ल्यूपिन और मैकलेड के लिए समान हैं?
उत्तर: नहीं, ल्यूपिन और मैकलेड दोनों के लिए अलग लिफाफा डिजाइन उपलब्ध हैं। आई.पी (IP) और सी.पी (CP) लिफाफे उपलब्ध हैं । इन दोनों प्रकार के ऍफ़. डी. सी. के लिए।

प्रश्न4. मरीज को दवाइयाँ कैसे लेनी चाहिए?
उत्तर: तीर का निशान यह दर्शाता है की दवाई ऊपर से नीचे की तरफ लेनी है। मरीज को स्टार्ट / शुरू चिह्न 1 से क्रमबद्ध (1,2,3…28), प्रत्येक कतार में बढ़ते हुए क्रम में, ऊपर से नीचे की तरफ लेनी है।

प्रश्न5. क्या हमें वजन बैंड आधारित लिफाफों को बंद कर देना चाहिए?
उत्तर: नहीं, आप स्टॉक खत्म होने तक जारी रखें। लेकिन अब से, राज्य के द्वारा नए लिफाफे की जरुरत को सर्व-जन लिफाफों से पूरा किया जाएगा।

परिशिष्ट: वो सामान्य प्रश्न / शंका जो सलाहकार एवं मरीज को विश्वव्यापी लिफाफे के बारे में हो सकते हैं।

प्रश्न6. कॉल चिह्न / फ़ोन चित्र लिफाफे में कुछ दवाइयों के पीछे ही क्यों रहता है, सभी पर क्यों नहीं रहता?
उत्तर: कॉल चिह्न / फ़ोन चित्र लिफाफे में जहाँ टोल फ्री नंबर है उसे दर्शाता है। एक बार जब मरीज वहाँ से दवाई निकालता है, टोल फ्री नंबर उन्हें वहाँ दिखेगा। मरीज को अपनी खुराक के लिए भ्रमित नहीं होना है। उन्हें हमेशा खुराक, परामर्शकर्ता के द्वारा आयताकार बक्से में लिखे संख्या के निर्देश अनुसार ही लेना है।

प्रश्न7. क्या मरीज को उस दिन लिए गए दवाईयों के बाद निकले हुए सभी टोल फ्री नम्बरों पर कॉल करना है? क्या होगा अगर मरीज उस दिन के सभी नम्बरों पर कॉल करता है?
उत्तर: यदि उस दिन निर्धारित दवाईयों को निकालने के बाद, एक से ज्यादा टोल फ्री नंबर दिखाई देते हैं तो मरीज को किसी भी एक दिखाई दिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करना है न की सभी टोल फ्री नम्बरों पर। यदि मरीज 1 से ज्यादा नम्बरों पर कॉल करता है तो, उनका अनुपालन सबसे पहले कॉल किए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करने के तुरंत बाद ही पंजीकृत हो जाता है। दूसरे टोल फ्री नम्बरों पर कॉल करने के बाद मरीज को " थैंक्यू " की ध्वनि सुनाई देगी, लेकिन डैशबोर्ड में कुछ अलग नहीं होगा क्योंकि पहले कॉल के बाद ही उनका अनुपालन पंजीकृत हो जाता है।

प्रश्न8. लिफाफे के पीछे अंक क्यों लिखे रहते हैं? क्या ये अंक दिनों को दर्शाते हैं?
उत्तर: अंकों का क्रम यह दर्शाता है की मरीज को किस क्रम में दवाई निकालना है। यह दिनों को नहीं दर्शाता है। उदहारण, 5 गोलियों के डोज़ के लिए, मरीज पहले दिन 1, 2, 3, 4 और 5 अंक लिखे हुए गोलियों को निकालेगा। दूसरे दिन उन्हें 6, 7, 8, 9, एवं 10 अंकों वाली गोलियों को निकालना चाहिए।